दैनिक डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 8 अंक : 284 | इंदौर, सोमवार 24 अप्रैल, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. Wrestlers Protest: पहलवानों का धरना जारी, बजरंग बोले- सभी पार्टियों का स्वागत; दिल्ली पुलिस का आया बयान
2. अमेरिकन एयरलाइंस के विमान से टकराया पक्षी, इंजन में लगी आग, ओहायो में कराई गई इमरजेंसी लैंडिंग
3. Amitabh Bachchan: एलन मस्क पर बिफर उठे अमिताभ बच्चन, भोजपुरिया अंदाज में जाहिर किया ट्विटर सीईओ के लिए गुस्सा
4. Opposition: आज ममता बनर्जी और अखिलेश यादव से मिलेंगे नीतीश कुमार, जानें क्या है मुलाकात का एजेंडा
5. PAK: बाजवा शहबाज को भ्रष्टाचार के बावजूद पीएम बनाना चाहते थे, इमरान ने पूर्व सेनाध्यक्ष पर लगा या बड़ा आरोप
6. Lucknow : असद-गुलाम मुठभेड़ की जांच भी न्यायिक आयोग के हवाले, अतीक-अशरफ मामले पर आज सुनवाई
7. PM Modi: केरल दौरे से पहले पीएम मोदी पर हमलावर हुई माकपा, कहा- पुलवामा पर जवाब दें प्रधानमंत्री

### छिंदवाड़ा में शिवराज पर बरसे कमलनाथ

# बोले-आखरी सांसे गिन रहे शिवराज बाद में कहा राजनैतिक आखरी सांस काम से पहले निकालते हैं कमीशन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

छिंदवाड़ा। छिंदवाड़ा दौरे पर पहुंचे कमलनाथ ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर निशाना साधा है, उन्होंने कहा कि शिवराज सिंह जी आपके पास 6 महीने बचे है, जितनी घोषणाएं करनी है कर लों, बाद में जनता बड़े प्यार से विदा करेगी। इस दौरान कमलनाथ की जुबा फि सल गई, उन्होंने कहा कि शिवराज अपनी आखरी सांसे गिन रहे है, बाद में उन्होंने कहा कि राजनैतिक आखरी सांस।



कमलनाथ ने कहा कि शिवराज सिंह जी ने अब तक 22 हजार घोषणाएं कर चुके है, जितनी घोषणाएं करना है कर दो बाद में जनता आपकों प्यार से विदा कर देगी, क्योंकि मप्र का मतदाता समझदार है, वे जल्द ही इनकी विदाई करेगी।

### आपने जो कर्ज लिया उसका क्या किया

कमलनाथ ने कहा कि आपने करोड़ों रूपए का कर्ज लिया है, क्या आपने किसी बेरोजगार को रोजगार दिया, अतिथि शिक्षक, आशा उर्षा कार्यकर्ता इनके लिए आपने क्या किया, आपने बड़े बडे ठेके दिए उसमें 25 प्रतिशत एडवांस लेकर अपनी कमीशन निकाल ली। पंचायत से लेकर मंत्रालय तक आपका कमीशन सेट है, मप्र भ्रष्टाचार और बेरोजगारी में नंबर वन बन गया है, ऐसे में यहां कोई निवेशक आने को तैयार नहीं है।

### छिंदवाड़ा का रोक दिया बजट

कमलनाथ ने छिंदवाड़ा को लेकर भी मुख्यमंत्री पर निशाना साधा, उन्होंने कहा कि यहां विधायक, मेयर, जिपं अध्यक्ष सभी कांग्रेस के है इसलिए छिंदवाड़ा का नाम सुनकर इनके हाथ पैर फू ल जाते है, इसलिए इन्होंने युनिवर्सिटी का बजट रोक दिया, छिंदवाड़ा से ये सौतेला व्यवहार कर रहे है।

# छिंदवाड़ा में अमेठी जैसी प्लानिंग करने में जुटी भाजपा

### प्रभारी मंत्री कमल पटेल का दावा- जैसे राहुल गांधी को हराया, वैसे नकुल और कमलनाथ हारेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। मध्यप्रदेश में लोकसभा की 29 सीटों में से 28 पर भाजपा काबिज है। अगले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के कब्जे वाली एकमात्र छिंदवाड़ा सीट पर भाजपा अमेठी जैसा रिजल्ट लाने की प्लानिंग कर रही है। मध्यप्रदेश के कृषि मंत्री और छिंदवाड़ा जिले के प्रभारी मंत्री कमल पटेल ने दावा करते हुए कहा कि आने वाले समय में छिंदवाड़ा में नकुलनाथ और कमलनाथ वैसे ही चुनाव हारेंगे, जैसे अमेठी से राहुल गांधी हारे थे। अटकलें हैं कि भाजपा यहां से अपनी राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार को टिकट दे सकती है।

कमल पटेल ने कहा- छिंदवाड़ा के सातों विधानसभा क्षेत्र हम जीतेंगे और लोकसभा सीट जीतकर कमलनाथ और कांग्रेस का सफाया करेंगे। जब हमने पूछा कि आप कविता पाटीदार के साथ छिंदवाड़ा में मेहनत कर रहे हैं, रिजल्ट कैसे आएंगे? इस पर पटेल ने कहा कि रिजल्ट अच्छे आएंगे। क्या कविता पाटीदार अमेठी जैसा सीन दोहराएंगी? इसके जवाब में उन्होंने कहा- बिल्कुल।

### ● कांग्रेस ने कहा- कमल पटेल पहले अपनी सीट बचाएं

कमल पटेल के बयान पर कांग्रेस मीडिया विभाग की उपाध्यक्ष संगीता शर्मा ने कहा, दीया बुझने के पहले की फडफ़ड़ाहट और हार के डर की बौखलाहट मंत्री के चेहरे पर देखी जा सकती है। मंत्री कमल पटेल मुंगेरीलाल के हसीन सपने देख रहे। पहले अपनी सीट बचाएं, फिर छिंदवाड़ा की तरफ मुंह उठाएं। कमल पटेल जी खुद मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठने का सपना देख रहे हैं। अपने नंबर बढ़ाने के लिए मोदी-शाह के सामने छिंदवाड़ा की बात कर रहे। लाख कोशिश कर लें, छिंदवाड़ा में हराना नामुमकिन है।

# शहर की कई बस्तियों में पानी की किल्लत, अफसरों को सर्वे करने के दिए निर्देश

● कमिश्नर सफाई व्यवस्था देखने निकली थी, पानी की समस्या मिली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। निगमायुक्त सुबह सफाई व्यवस्था देखने निकलीं। इस दौरान उनका बस्तियों में पानी की समस्या से सामना हो गया, क्योंकि लोगों ने पानी न मिलने की शिकायत उनसे करना शुरू कर दी। इस पर उन्होंने साथ चल रहे जलप्रदाय विभाग के अफसरों को बस्तियों का तीन दिन में सर्वे कर लोगों की पेयजल समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। साथ ही काम में किसी भी तरह की लापरवाही और लेटलतीफी न करने की हिदायत दी।**

रविवार सुबह 6 बजे शहर की सफाई व्यवस्था देखने निगमायुक्त हर्षिका सिंह निकलीं। इंडस्ट्री हाउस एवं ओल्ड पलासिया क्षेत्र में सड़क किनारे मलबा पड़ा होने पर उन्होंने क्षेत्रीय सीएसआई पर नाराजगी जाहिर की। इसके साथ ही मलबा फेंकने वाले मकान मालिक के खिलाफ चालान बनाकर जुर्माना वसूलने के निर्देश दिए। क्षेत्रीय दरोगा गोपाल पटोना और सहायक दरोगा राहुल का वेतन रोकने के निर्देश दिए गए। रसोमा नले पर वर्टीकल गार्डन बनाने का कहा। निरीक्षण के दौरान जब निगमायुक्त सिंह जोन-18 के वार्ड 35 के अंतर्गत निरंजनपुर स्थित झाडू बस्ती क्षेत्र में पहुंचीं। यहां पर उनका सामना पानी की समस्या से हुआ, क्योंकि क्षेत्रीय लोगों ने पानी न मिलने की शिकायत निगमायुक्त सिंह से करना शुरू कर दी।

### लोगों को पानी न मिलने पर हुए सवाल-जवाब

लोगों का कहना था कि नर्मदा की पाइप लाइन डली है, लेकिन पानी नहीं आता है। बोरवेल की पाइप लाइन बिछी हुई है। इसके जरिए पानी सप्लाय होता है। इस पर निगमायुक्त सिंह ने साथ में चल रहे जलप्रदाय विभाग के कार्यपालन यंत्री संजीव कुमार श्रीवास्तव से लोगों को पानी न मिलने पर सवाल-जवाब किए। वार्ड- 37 के अंतर्गत अन्नाभाऊ साठे बस्ती, गुलाब पार्क नगर, बापू गांधीनगर के लोगों ने भी पेयजल की समस्या बताई। इस पर निगमायुक्त सिंह ने तीन दिन में सर्वे कर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए।

### इन बिंदुओं पर होगा सर्वे

निगमायुक्त सिंह ने शहर की समस्त बस्तियों में किन-किन माध्यमों से पेयजल उपलब्ध होता है, पानी की स्थिति क्या है, वहां नर्मदा की लाइन है कि नहीं, लाइन कितनी दूर है, पानी आता है कि नहीं, क्षेत्र में पेयजल वितरण के लिए कितनी लाइन बिछाना होगी, बोरवेल है या नहीं और अन्य जल स्त्रोत क्या-क्या हैं? इन समस्त बिंदुओं आगामी 3 दिन में सर्वे कर रिपोर्ट देने के निर्देश कार्यपालन यंत्री संजीव श्रीवास्तव को दिए हैं। लोगों की पेयजल समस्याओं का समाधान करने के निर्देश भी दिए।

# 40 साल बाद इंदौर में जुटेंगे प्रदेशभर के सेवादल के पदाधिकारी, चुनाव को लेकर होगी ट्रेनिंग

● 27 अप्रैल से तीन दिन तक प्रशिक्षण स्थल पर ही रहेंगे, कई बड़े नेता आएंगे ट्रेनिंग देने

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कांग्रेस की चुनावी तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसको लेकर कांग्रेस सेवादल का तीन दिनी प्रशिक्षण शिविर इंदौर में रखा गया है। यहां तीन दिन तक प्रदेशभर के अपेक्षित पदाधिकारी संगठन की गतिविधियों का प्रशिक्षण लेंगे, साथ ही चुनाव में किस तरह से काम करना है, उसको लेकर भी अलग-अलग सत्र में ट्रेनिंग दी जाएगी। ऐसा ही प्रशिक्षण करीब 40 साल पहले इंदौर में हुआ था और अब एक बार फिर आयोजित किया जा रहा है।**

### ढाई सौ पदाधिकारियों के भाग लेने की संभावना

प्रशिक्षण शिविर में अखिल भारतीय सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी भाई देसाई भी मौजूद रहेंगे। प्रदेश अध्यक्ष योगेश यादव ने इस प्रशिक्षण शिविर की जवाबदारी शहर अध्यक्ष मुकेश यादव को सौंपी है। एक होटल में होने वाले इस प्रशिक्षण शिविर में पूरे प्रदेश से करीब ढाई सौ पदाधिकारियों के भाग लेने की संभावना है। इनमें जिले और शहर के अध्यक्ष सहित प्रदेश पदाधिकारी भी शामिल होंगे। शिविर की खासियत यह होगी कि तीन दिन तक पदाधिकारियों को यहीं रहना होगा और यहां से कोई बाहर नहीं जा सकेगा।

### ये नेता प्रशिक्षण देने आएंगे

प्रशिक्षण शिविर में राज्यसभा सदस्य एवं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह भी एक सत्र लेने आएंगे। इसके साथ ही अरुण यादव, सुरेश पचोरी, पूर्व अध्यक्ष महेन्द्र जोशी, जीतू पटवारी, सज्जनसिंह वर्मा, सत्यनारायण पटेल आदि भी मौजूद रहेंगे।

### इन विषयों पर होगी बात

शिविर में बूथ मैनेजमेंट, आज के परिवेश में कांग्रेस की भूमिका, सेवादल की भूमिका, अनुशासन का महत्व, संगठन निर्माण के साथ-साथ विधानसभा चुनाव को लेकर भी एक सत्र में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# निगम के तीन और नए जोनल कार्यालय बनेंगे

● जोनल कार्यालय की संख्या 19 से बढ़ाकर 22 करने का प्रस्ताव

### महापौर ने की भाजपा के नेताओं से चर्चा, जल्द होगी आगे की पहल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर नगर निगम के द्वारा शहर में तीन और नए जोनल कार्यालय बनाए जाएंगे। वर्तमान में मौजूद 19 जोनल कार्यालय की संख्या को बढ़ाकर 22 किया जाएगा। इस बारे में महापौर पुष्यमित्र भार्गव के द्वारा भाजपा के नेताओं से चर्चा की गई है। इस मामले में जल्द ही आगे की पहल भी होगी।**

इंदौर शहर में नगर निगम के 3 और झोनल कार्यालय बढ़ाने की कार्रवाई शुरू हो गई है। इसको लेकर कल महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने पार्टी कार्यालय में हारे-जीते विधायकों के साथ चर्चा की। सभी ने झोनल कार्यालय बढ़ाने और उस पर जल्द ही अध्यक्षों की नियुक्ति करने की मांग की। बैठक में विधायक महेंद्र हार्डिया और पूर्व विधायक मनोज पटेल के नहीं आने के कारण फिलहाल सूची अटक गई।

भाजपा कार्यालय पर हुई बैठक में महापौर भार्गव और नगर अध्यक्ष गौरव रणदिवे की मौजूदगी में मंत्री तुलसी सिलावट, विधायक रमेश मेंदोला, आकाश विजयवर्गीय, मालिनी गौड़, पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता, राऊ से चुनाव लड़े मधु वर्मा के साथ-साथ इंदौर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष जयपालसिंह चावड़ा भी मौजूद थे। बताया जा रहा है कि बैठक में नए झोन बनाने को लेकर सभी से राय-मशविरा किया। वर्तमान में इंदौर नगर निगम में 19 झोनल कार्यालय हैं और नियमों के मुताबिक 1 लाख की जनसंख्या पर एक झोनल कार्यालय होना चाहिए, ताकि निगम का कामकाज सुचारू रूप से चल सके।

इसके मुताबिक 3 और झोनल कार्यालय बढ़ाए जाएंगे, जिससे दूसरे कार्यालयों का लोड भी कम हो जाएगा। सूत्रों का कहना है कि एक बार फिर से वार्डों का बंटवारा झोनल कार्यालय में होगा और सभी से राय ली गई कि किस प्रकार से उनके कार्यक्षेत्र का बंटवारा किया जाए। हालांकि हार्डिया और पटेल के बैठक में नहीं रहने के कारण सूची फाइनल नहीं हुई है, लेकिन कहा जा रहा है कि जल्द ही सूची फाइनल हो जाएगी।

### स्थान तय कर रहे हैं

इस बारे में पूछे जाने पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि 3 नए जोनल कार्यालय बनाए जाना निश्चित है। यह जोनल कार्यालय किस स्थान पर बनाए जाएंगे। इसका स्थान तय करने का काम किया जा रहा है। जल्द ही इस काम को मुकाम तक पहुंचाने की कोशिश की जाएगी।

### पेड़ लगाने से बचेगा पर्यावरण

**इंदौर।** लोकमान्य नगर स्थित अष्टांग आयुर्वेद कॉलेज में समाज सेवा प्रकोष्ठ का निशुल्क समग्र व्यक्तित्व विकास शिविर चल रहा है,जिसमे तंग बस्तियों के 150 बालक बालिकाएं विभिन्न रचनात्मक विधाओं का प्रशिक्षण ले रहे है। यह जानकारी संस्था अध्यक्ष आलोक खरे ने देते हुए बताया कि शिविर का मकसद राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी के आदर्शो से प्रेरणा लेकर समाज के अंतिम व्यक्ति का विकास करना।अभी तक संस्था के विभिन्न स्थानों पर व्यक्तिव विकास के निशुल्क 109 शिविर आयोजित हो चुके है ,जिसमे हजारों बच्चे लाभान्वित हुए। अध्यक्षता समाजसेवी मुकुंद कुलकर्णी ने की। पर्यावरणविद नितिन घुणे ने कहा कि अगर इस पृथ्वी पर पर्यावरण को बचाना है तो हम अधिक से अधिक पेड़ लगाये और प्लास्टिक की वस्तुओ का बिलकुल भी इस्तेमाल नहीं करे। प्रकृति से रोजाना सीखे और उसका शोषण नही करे। वरिष्ठ चित्रकार शुभा वैद्य के मार्गदर्शन में बच्चों ने पर्यावरण और प्रकृति पर सुंदर सुंदर चित्र बनाए। लेखक प्रवीण जोशी ने समाचार पत्रों का इतिहास बताया और वर्तमान दौर में उसके ढेर सारे फायदे गिनाए।

# निगम परिषद में ट्रेड लाइसेंस के नए टैक्स को लेकर विरोध शुरु

व्यापारियों के समर्थन में आई कांग्रेस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। राज्य सरकार ने व्यापारियों पर ट्रेड लाइसेंस को लेकर नया टैक्स लागू कर दिया है। इसका विरोध नगर निगम की परिषद बैठक में कांग्रेस पार्षद करेंगे। इसके साथ ही सरकार के इस फैसले के खिलाफ व्यापारी वर्ग भी लामबंद हो गए हैं। मामले को लेकर 26 अप्रैल को एक बैठक रखी गई है। इसमें आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी।**

दो दिन पहले 21 अप्रैल को नगरीय विकास और आवास विभाग भोपाल ने मप्र नगर पालिका व्यापार अनुज्ञापन नियम में संशोधन कर नया टैक्स लगा दिया है। प्रदेश की सभी नगर पालिक निगम, नगर पालिक परिषद और नगर परिषद व्यापारियों से उनके व्यवसाय स्थल यानी दुकान के क्षेत्रफल के हिसाब से टैक्स वसूलेगी। इसको लेकर राज्य सरकार ने गजट नोटिफिकेशन कर दिया है।

### नया टैक्स लागू करने का विरोध

नोटिफिकेशन के मुताबिक शहर - कस्बे में व्यापार करने वाले लोगों को यह टैक्स देना होगा। दुकानदारों से सड़क की चौड़ाई के हिसाब से प्रति वर्गफीट यह टैक्स लिया जाएगा। यह राशि 50 हजार रुपए तक होगी। अभी तक निगम से बनने वाले ट्रेड लाइसेंस के लिए व्यापारियों को 500 रुपए का शुल्क ही चुकाना होता था। राज्य सरकार के ट्रेड लाइसेंस को लेकर नया टैक्स लागू करने का विरोध निगम में नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे और कांग्रेस पार्षदों ने किया है।

### व्यापारियों के साथ आंदोलन में कांग्रेस भी शामिल होगी

इस मामले को 27 अप्रैल को होने वाली निगम परिषद की बैठक में उठाया जाएगा। चौकसे का कहना है कि व्यापारियों की लड़ाई को सदन से लेकर सड़क पर आकर लड़ा जाएगा। इसके अलावा शहर कांग्रेस प्रवक्ता विवेक खंडेलवाल भी सियागंज के व्यापारियों के साथ आंदोलन करेंगे। इधर, नए टैक्स के विरोध में मालवा चेंबर्स ऑफ कॉमर्स और अहिल्या चेंबर्स ऑफ कॉमर्स ने इस नोटिफिकेशन के विरोध में 26 अप्रैल को शाम 4 बजे सियागंज सभागृह में बैठक बुलाई है। इसमें 100 व्यापारी संगठन शामिल होंगे और आंदोलन की रणनीति बनाएंगे। मालूम हो कि पिछले दिनों दुकानों के साइन बोर्ड पर लगे टैक्स का भारी विरोध हुआ था। इसके बाद इस मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था।

### 200 गांवों में से 144 गांवों में हर घर नल से जल पहुंचना हुआ प्रारंभ

**इंदौर।** इंदौर जिले के सांवेर विधानसभा क्षेत्र में हर घर नल से जल पहुंचाने के लिए जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट की पहल पर प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। इस विधानसभा क्षेत्र में लगभग 143 करोड़ रुपए की योजना बनाकर कार्य शुरू किए गए, इसके तहत चिन्हित 200 गांवों में से लगभग 144 गांवों में हर घर में नल से जल पहुंचाना शुरू कर दिया गया है। शेष बचे गांवों में हर घर नल से जल पहुंचाने के लिए कार्य शीघ्र गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त कार्य पूरा कराने के लिए अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के संयुक्त दल बनाए गए है। यह दल गांव-गांव जाकर कार्य का भौतिक सत्यापन करेंगे और समय सीमा निर्धारित कर गुणवत्ता के साथ कार्य पूरा करवाएंगे।

# शहर में 50 योग केन्द्र खोलने का संकल्प

### योग प्रशिक्षण शिविर में महिलाओं के लिए भी सायंकालीन सत्र शुरू करने की योजना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** अन्नपूर्णा मंदिर परिसर में बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन एवं चमेलीदेवी योग केन्द्र की भागीदारी में चल रहे योग शिविर में आज वरिष्ठ समाजसेवी विनोद अग्रवाल ने कहा कि महिलाएं अपने गृहस्थी के विभिन्न कामों में व्यस्त होते हुए भी बड़ी संख्या में योग के लिए शिविरों में आ रही हैं, लेकिन पुरुष किसी न किसी बहाने से योग शिविर के प्रति उदासीनता अपना रहे हैं। स्वस्थ और निरोगी जीवन के लिए योग बहुत आवश्यक है। यदि महिलाओं की संख्या इसी तरह बढ़ती रही तो अन्नपूर्णा मंदिर के इस योग शिविर में एक सायंकालीन सत्र विशेष रूप से महिलाओं कि लिए भी प्रारंभ कर दिया जाएगा। नवम्बर-दिसम्बर में यहां विशाल मेगा शिविर आयोजित करने की योजना भी है। शहर में ऐसे 50 योग प्रशिक्षण केन्द्र खोलने की योजना भी प्रस्तावित है। आज सुबह अन्नपूर्णा आश्रम के महांडलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरि, स्वामी जयेन्द्रानंद गिरि एवं स्वामी प्रणवानंद के सानिध्य में समाजसेवी विनोद अग्रवाल एवं विष्णु बिंदल ने योग शिविर में आकर स्वयं भी योग किया और शिविर में मौजूद साधकों का आव्हान किया कि वे भी अपने आप को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने के लिए योग पर ध्यान दें तथा नियमित रूप से योग शिविर में आएं। अन्नपूर्णा मंदिर पर गत 21 अप्रैल से चल रहे पांच दिवसीय शिविर में दत्त माउली संस्थान के अण्णा महाराज ने भी आकर साधकों का मार्गदर्शन किया। अतिथियों का स्वागत संयोजक किशोर गोयल, राजेश बंसल, संजय गोयनका, सुधीर अग्रवाल, श्याम सिंघल, पिंकी गर्ग, नवरतन बैरठी एवं संजय अग्रवाल ने किया। योग गुरु मनोज गर्ग एवं पुणे की योग प्रशिक्षक मेघासिंह एवं जुम्बा प्रशिक्षक तेजश्री के निर्देशन में यहां 25 अप्रैल तक सुबह 7 से 8.30 बजे तक योग की विभिन्न विधाओं का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बड़ी संख्या में यहां साधक आ रहे हैं। 26 अप्रैल से यहां नियमित योग कक्षाएं प्रारंभ कर दी जाएंगी।



सावधान! आप भी तो नहीं बन रहे

# फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स का शिकार

मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों

## ऐसे चलता है ठगी का धंधा

मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने एक अंतरराज्यीय ठग गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों रुपये ऐंठ लेता था. फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स बनाकर कुंवारे युवकों को जाल में फंसाना और फिर लड़की का फोन नंबर उपलब्ध करवाना ये इस गिरोह का पहला कदम होता था. गिरोह में शामिल युवतियां इन कुंवारे लड़कों से पहले बातचीत करती और फिर अपनी जरूरत बताकर उनसे अलग-अलग



# कुबेरेश्वर धाम में बनेगी 251 कमरों की धर्मशाला

## पंडित प्रदीप मिश्रा ने किया भूमिपूजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सीहोर। रविवार को जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निमार्णाधीन मुरली मनोहर और कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में आगामी दिनों धाम पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए ठहरने की व्यवस्था को लेकर भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा ने मंदिर परिसर के पीछे करोड़ों रुपए की लागत से 251 कमरों की धर्मशाला का भूमि पूजन किया।**

इस मौके पर पंडित श्री मिश्रा ने कहा कि धर्मशाला में कमरों, सामूहिक भोजन के लिए हॉल आदि का निर्माण होगा। एक कमरे में ठहरने की व्यवस्था होगी। सुबह 9 बजे भगवान शिव की अर्चना के पश्चात यहां पर पंडितों की मौजूदगी में पंडित श्री मिश्रा, विठलेश सेवा समिति के महेन्द्र शर्मा, पंडित विनय मिश्रा और समीर शुक्ला आदि ने भूमि पूजन किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि धाम पर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या कई गुणा तक बढ़ती जा रही है। इसके साथ ही इन श्रद्धालुओं की ठहरने की व्यवस्था करना है, इसलिए गुरुदेव के आदेश के बाद निर्माण कार्य भी चालू हो गया है। सबसे पहली जरूरत तो प्रतिदिन यहां आने वाले हजारों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने की है। जिससे आने वाले समय में होने वाले भव्य कार्यक्रमों में आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी।

## पेट के ऑपरेशन में काट दी आंतें

### खंडवा के डॉक्टर पर आरोप

**खंडवा।** खंडवा के हिंदूजा हॉस्पिटल और डॉ. मलिकेंद्र पटेल पर एक मरीज की जान से खिलवाड़ के आरोप लगे है। हरसूद के काशीपुरा नगर निवासी शुभम पिता जगदीश लौवंशी ( 17 ) के परिजन ने एसपी से शिकायत की है। कहा कि, इंदौर में ऑपरेशन के दौरान खुलासा हुआ कि डॉक्टर ने पेट की आंते काट दी है। डॉ. पटेल के खिलाफ कार्रवाई के साथ ही उनकी डिग्री निरस्त की जाए। इधर, डॉ. पटेल के खिलाफ हुई शिकायत की जांच सीएमएचओ की टीम कर रही है। इंदौर में भर्ती पीडित शुभम की हालत गंभीर बनी हुई है। आर्थिक तंगी के कारण पीडित के परिजन ने अपनी खेती की जमीन गिरवी रखकर बच्चे के इलाज के लिए पैसा लिया है। मरीज शुभम के चाचा विष्णु लौवंशी ने बताया बेटा इंदौर में रहकर उच्च शिक्षा की पढ़ाई कर रहा था। उसे 2 फरवरी को अचानक पेट में दर्द हुआ। इंदौर से खंडवा आने पर शुभम को उसके पिता जगदीश ने डॉ. मलिकेंद्र पटेल को 5 फरवरी को क्लिनिक पर दिखाया। 6 फरवरी को डॉ. पटेल ने हिंदुजा हॉस्पिटल में ऑपरेशन किया।

## कॉलेज छात्र ने मुंह में सुतली बम रखकर फोड़ा, मौत

**श्योपुर।** श्योपुर में एक कॉलेज छात्र ने अपने मुंह में सुतली बम रखकर फोड़ दिया। जिससे उसका चेहरा बुरी तरह फट गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। छात्र बड़े शहर में जाकर पढ़ाई करना चाहता था, लेकिन परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण एडमिशन नहीं ले पा रहा था। कुछ दिन से गुमसुम था, किसी से बात भी नहीं कर रहा था। रविवार सुबह उसने टॉयलेट में जाकर खुदकुशी कर ली। छात्र का नाम बृजेश उर्फ गोलू (24) पिता खेमराज प्रजापति है। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

## नदी में नहाने के दौरान डूबे तीन दोस्त, मौत

**हरदा।** जिले के हंडिया थाना क्षेत्र के ग्राम बिछोला में अजनाल नदी में तीन लड़के डूब गए। हादसे में तीनों की मौत हो गई। वे नदी में नहाने उतरे थे। इसी दौरान गहरे पानी में चले गए। हादसा रविवार दोपहर करीब ढाई बजे हुआ। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों के शव निकाल लिए हैं। घटना के बाद गांव में मातम पसरा है। मृतकों के नाम चंदन (16) पिता गोविद विश्वकर्मा, निखिल (16) पिता सोहन सिंह राजपूत, मोहित (17) पिता चैन सिंह राजपूत हैं। तीनों 12वीं के छात्र थे। तीनों आपस में दोस्त थे।

## वन विहार में सिंगल यूज प्लास्टिक नहीं ले जा सकेंगे टूरिस्ट्स, बैन लगा

**भोपाल।** वन विहार नेशनल पार्क में अब टूरिस्ट सिंगल यूज प्लास्टिक (प्लास्टिक की थैलियां, डिस्पोजल, स्ट्रॉ, सोडा और पानी की बोतलें) नहीं ले जा सकेंगे। पार्क मैनेजमेंट ने इस पर बैन लगा दिया है। जंगली जानवरों को बीमारियों से बचाने के लिए यह फैसला लिया गया है। पार्क की डायरेक्टर पद्मप्रिया बालकृष्णन ने कहा कि कई बार टूरिस्ट्स पार्क में प्लास्टिक का कचरा छोड़ जाते हैं। इसे जानवर बाद में खाकर बीमार पड़ जाते हैं। जानवरों की सुरक्षा के लिए हमने यह फैसला लिया है। पार्क में घूमने के दौरान पर्यटक अपने साथ कोई भी प्लास्टिक का सामान नहीं ले जा सकेंगे। पानी के लिए एटीएम लगाए गए हैं।

## ग्वालियर में हर्ष फायरिंग में 15 साल के छात्र की मौत

**ग्वालियर।** हरेशिव गार्डन में चचेरे भाई की शादी में शामिल होने आए 15 वर्षीय प्रियांशु यादव की पेट में गोली लगने से मौत हो गई। देर रात 1 बजे के लगभग दरवाजे पर टीका का कार्यक्रम हो रहा था। प्रियांशु अपने भाइयों के साथ वहीं खड़ा था। इसी समय वहां मौजूद एक अन्य रिश्तेदार राजेश यादव ने बंदूक से हर्ष फायर किया। गोली छात्र के पेट में लगी और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजन उसे पहले प्राइवेट हॉस्पिटल फिर जेएएच लेकर पहुंचे थे, लेकिन डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

# ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में चले लात-घूंसे

### पैसे देकर भी गर्भगृह में नहीं जा पाया श्रद्धालु, विवाद के बाद पुजारी ने पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा।** ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में पुलिस की मौजूदगी में एक श्रद्धालु से मारपीट का वीडियो सामने आया है। जिसमें मंदिर की व्यवस्था में लगे पुजारी दूसरे राज्य से आए श्रद्धालु पर लात-घूंसे बरसाते नजर आ रहे हैं। शनिवार शाम 4 बजे दर्शन के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु लाइन में लगे थे। तभी पुजारी और श्रद्धालु में विवाद हो गया। आरोप है कि मंदिर के पुजारी लोगों से पैसा लेकर जल्द दर्शन करा रहे हैं और आम लोगों को घंटों लाइन में इंतजार करना पड़ रहा है।

ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग में कोई पर्व या त्योहार न होने के बावजूद करीब एक लाख से ज्यादा श्रद्धालु यहां रोजाना आ रहे हैं। शनिवार को भी मंदिर में हजारों की संख्या में लोग दर्शन करने पहुंचे थे। एक श्रद्धालु चार्ज देकर दर्शन करने गया। वह असंतुष्ट हुआ और उसने पुजारी से अभद्रता की। जिसके बाद पुजारी ने श्रद्धालु पर लात-घूंसे बरसाए। मांधाता पुलिस के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ।

# रेस लगाने के दौरान हादसा, एक कार फुटपाथ पर चढ़ी, दूसरी दुकान में घुसी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** उज्जैन में दो तेज रफ्तार कारों के टकराने का वीडियो सामने आया है। दोनों कार सवार रेस लगा रहे थे। इसी दौरान एक कार ने दूसरी को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद एक कार पार्क की रैलिंग में घुस गई। वही दूसरी कार दुकान में घुस गई। हादसा रविवार सुबह 8 बजे का बताया जा रहा है। दोनों ड्राइवर मौके से भाग गए। पुलिस ने दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पूरा हादसा सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो गया।

माधव नगर थाना क्षेत्र में आने वाला शहीद पार्क व्यस्तम इलाक है। वीडियो में दिख रहा है कि लाल रंग की पोलो कार और काले रंग की फॉच्युर्नर कार सवार रेस लगा रहे है। काले रंग की कार ने लाल रंग की कार को टक्कर मारी। इसके बाद लाल रंग की कार शहीद पार्क के फुटपाथ पर चढ़ गई। टक्कर के बाद काले रंग की कार अनियंत्रित होकर एक कार चंदनानी ब्रदर्स की दुकान में जा घुसी। दोनों ही कारों की स्पीड का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि दुकान में घुसी कार से शटर टूट गया। वहीं, दूसरी कार से गार्डन की दीवार और फुटपाथ क्षतिग्रस्त हो गया।

### रेस लगा रहे थे कार चालक

घटना के दौरान मौजूद ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि दोनों ड्राइवर कार रेस कर रहे थे। दोनों गाडियां एसएस अस्पताल की ओर से तेज गाति से आ रही थी। वे एक-दूसरे को साइड भी नहीं दे रहे थे। इसी दौरान टक्कर हो गई। इस दौरान भीड़ होती तो निश्चित ही बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। चंदनानी ब्रदर्स के संचालक लीलाराम चंदानी ने बताया कि फोन पर सूचना मिली थी कि दुकान में कोई गाड़ी घुस गई है। यहां देखा तो गाड़ी दुकान का शटर तोड़कर अंदर घुसी थी।

## एसपी की डुप्लीकेट आईडी बनाकर की जा रही थी पैसो की डिमांड

### जिला साइबर सेल ने डुप्लीकेट फर्जी आईडी को किया ब्लॉक

**बुरहानपुर।** आज के सोशल मीडिया के समय में आईडी हेक करना , डुप्लीकेट आईडी बनाना जैसी बाते आम हो गई है। ऐसा ही कुछ हुआ बुरहानपुर एसपी राहुलकुमार लोढा के साथ। किसी व्यक्ति द्वारा उनकी इंस्टाग्राम की आईडी लोढाराहुलकुमार की डुप्लीकेट आईडी नाम से मिलतीजुलती बनाकर उनके फॉलोअर्स से पैसो की डिमांड की जा रही थी। जिला सायबर सेल द्वारा उक्त डुप्लीकेट आईडी को ब्लॉक करने की कार्यवाही की गई है। साथ ही सोशल मीडिया पर उक्त जानकारी को शेयर कर लोगो से किसी भी तरह के पैसो की डिमांड किए जाने पर ट्रांजेक्शन न करने की अपील की गई है। ज्ञात रहे कि उनकी आईडी हेक न की जाकर हूबहू डुप्लीकेट आईडी बनाई गई थी।

# भिंड में भाईजान की भागवत कथा

## हनुमान मंदिर पर मुस्लिम परिवार करवा रहा श्रीमद्भागवत कथा, कलश यात्रा का हुआ स्वागत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भिंड। भिंड के मौ थाना क्षेत्र मुस्लिम परिवार द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस परिवार द्वारा नगर में कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इस कलश यात्रा में हिंदू-मुस्लिम समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस तरह का आयोजन मौ क्षेत्र में पहली बार हो रहा है। जहां हिंदू मुस्लिम, दोनों समुदाय श्रीमदभागवत कथा में एक साथ शामिल हो रहे हो और जिसका मुख्य यजमान मुस्लिम परिवार बना हो।**

दरअसल मौ के गांधी मार्केट में रहने वाले आजाद खां, जागा सरकार श्री हनुमान जी के भक्त है। वो पिछले पंद्रह साल से जागा सरकार हनुमान मंदिर पर पूजा अर्चना करता आ रहा है। इस परिवार के सदस्य के लोगों ने हनुमान मंदिर में विकास में हिस्सा लेता आता है। लंबे समय से आजाद खां की इच्छा थी कि हनुमान जी के मंदिर पर श्रीमद्भागतव कथा का आयोजन कराया जाए। इसके तहत आजाद खां द्वारा मंदिर के सभी श्रद्धालुओं से मिलकर बैठक की और श्रीमद्भागवत कथा कराए जाने का निर्णय लिया। इसके बाद श्रीमदभागवत कथा वाचन के लिए वृंदावन धाम के पंडित सुनील कृष्ण शास्त्री से संपर्क किया और कथा वाचन के लिए श्री नारियल सुपुर्द किया। श्रीमदभागवत पुराण की कथा वर्णन 29 अप्रैल तक किया जाएगा।

### ईद की नमाज के बाद श्रीमद्भागवत कथा की शुरू

15 साल पहले जागे सरकार हनुमान से जुडा है। आजाद खां का कहना है कि करीब पंद्रह साल पहले मैं जागा सरकार हनुमान मंदिर पर गया था, तब से जीवन में कई बदलाव आए है। हनुमानजी की कृपा से बहुत कुछ पाया है। आजाद का कहना है कि मैं नमाज भी अता करता हूं और हनुमान जी की पूजा अर्चना करता हूं। रमजान में रोज रखे और पूजा अर्चना भी की। ईद की सुबह नमाज अता की। नौ बजे नमाज से फ्री होने के बाद कलश यात्रा की तैयारी शुरू कर दी थी। कलश यात्रा दोपहर के समय निकाली गई है। इस कलश यात्रा में नगर के हर वर्ग के व्यक्ति ने हिस्सा लिया है। कलश यात्रा में आजाद अपनी पत्नी और सात बेटियों के साथ शामिल हुआ है। इस धार्मिक आयोजन में नगर के हिंदू व मुस्लिम वर्ग के लोगों के बढ़चढ़कर हिस्सा लेकर एकता की मिसाइल पेश की है।

## संपादकीय

# वादों को हकीकत में बदलना बाकी

दिल्ली की किसी अदालत में गोलीबारी की ताजा घटना इस तरह का कोई पहला वाकया नहीं है। इससे पहले रोहिणी स्थित अदालत के भीतर सुनवाई कक्ष तक में गोलीबारी और हत्या की घटना सामने आ चुकी है। ऐसे हर मामले के बाद यही लगता है कि पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था को चौकस बनाने के वादों का पूरी तरह हकीकत में बदलना अभी बाकी है। गत दिनों दिल्ली की साकेत अदालत परिसर में एक महिला पर निलंबित वकील ने वहां मौजूद बहुत सारे लोगों के बीच गोलियां चलानी शुरू कर दी और फरार भी हो गया। बाद में उसे गिरफ्तार किया जा सका। गनीमत थी कि गोली लगने के बावजूद महिला की जान किसी तरह बच गई। खबरों के मुताबिक इस हमले के पीछे पच्चीस लाख रुपए की लेनदेन से जुड़ा विवाद है, जिसे लेकर पुलिस के पास भी मामले दर्ज हैं। महिला उसी सिलसिले में अदालत में गवाही के लिए पहुंची थी। देश की राजधानी होने के नाते उम्मीद की जाती है कि दिल्ली में बाकी जगहों के मुकाबले सुरक्षा के इंतजाम ज्यादा बेहतर होंगे और किसी व्यक्ति के लिए अपनी आपराधिक मंशा पूरी करना इतना आसान नहीं होगा। उसमें भी अदालत जैसी संवेदनशील जगह पर सुरक्षा-व्यवस्था के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करने की अपेक्षा की जाती है। अन्य अदालतों की तरह साकेत परिसर में बहुस्तरीय सुरक्षा इंतजामों की व्यवस्था की गई है। अदालत में प्रवेश के लिए बने दरवाजों पर जांच के लिए सीसीटीवी कैमरों से लेकर मेटल डिटेक्टर सहित अन्य उपाय मौजूद हैं। लेकिन हैरानी की बात है कि इसके बावजूद एक व्यक्ति पिस्तौल जैसा घातक हथियार लेकर परिसर के भीतर प्रवेश कर गया और सरेआम उसने हत्या का प्रयास किया। सवाल है कि सुरक्षा में इतने बड़े स्तर पर चूक हुई, तो इसके क्या कारण हैं और इसके लिए किसकी जिम्मेदारी तय की जाएगी। इस घटना के बाद आई खबरों में यह बताया गया कि कई बार कुछ वकील अदालत में प्रवेश करते हुए अपनी जांच कराने से मना कर देते हैं। यों सुरक्षा जांच से मना करने का कोई कारण नहीं होना चाहिए। लेकिन वहां इस काम के लिए मौजूद संबंधित टीमें या लोग क्या ऐसी आपत्तियों को स्वीकार कर लेते हैं?

## सैर-सपाटा



# समंदर किनारे बसा अलीबाग है बेहद रोमांटिक

## पार्टनर के साथ बनाएं प्लान

**समंदर किनारे बसे अलीबाग कहने को तो एक छोटा सा शहर है, लेकिन ये एक बेहद रोमांटिक जगह है। जहां आप अपने पार्टनर के साथ ट्रैवल के लिए जा सकते हैं। अक्सर लोग यहां अपने पार्टनर के साथ आते हैं। ऐसे में अगर आप अपने पार्टनर के साथ कहीं जाने का प्लान कर रहे हैं तो एक बार आपको यहां अपने पार्टनर के साथ ट्रिप जरूर प्लान करना चाहिए।**

### ● अलीबाग में क्या करें

अलीबाग में आप अपने पार्टनर के साथ कुछ यादगार पल बिता सकते हैं। यहां समंदर किनारे बैठ कर अपने पार्टनर के साथ कुछ समय बिताएं और अगर नॉन वेजिटेरियन हैं तो मछली से बनी तरह-तरह की डिशेज को ट्राई कर सकते हैं। यहां पर डूबते और उगते सूरज को देखना बेहद रोमांटिक होगा।

### अलीबाग में घूमने की जगह

#### 1) मुरुद-जंजीरा किला अलीबाग

मुरुद-जंजीरा किला अलीबाग से करीब 54 किलोमीटर दूर है। अगर आप अलीबाग के प्रमुख पर्यटन स्थल घूमने के बारे में सोच रहे हैं, तो मुरुद-जंजीरा किला घूमने जरूर जाएं। इस जगह की यात्रा करने का सबसे अच्छा समय मार्च से अक्टूबर के बीच है। सुबह 7 बजे से 6 बजे तक आप इस किले को देखने के लिए जा सकते हैं।

#### 2) हरिहरेश्वर

यहां भगवान हरिहरेश्वर को समर्पित एक खूबसूरत मंदिर है। यह रायगढ़ के सबसे पुराने मंदिरों में से एक है। यहां का तापमान औसतन 26 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहता है।

#### 3) अलीबाग बीच

अलीबाग बीच अलीबाग में सबसे अच्छे पर्यटन स्थलों में से एक है। यहां से कोलाबा किले का खूबसूरत नजारा देख सकते हैं। यहां कई तरह की वाटर स्पोर्ट्स एक्टिविटीज जैसे कयाकिंग, जेट स्की, स्कूबा डाइविंग भी एन्जॉय कर सकते है।

#### 4) नागांव बीच अलीबाग

एडवेंचर वाटर स्पोर्ट्स एक्टिविटीज करना चाहते हैं तो इस बीच पर जाएं। यहां स्नॉर्कलिंग और स्कूबा डाइविंग जैसी एक्टिविटीज का लुत्फ उठा सकते हैं। यह अलीबाग से लगभग 9 किमी दूर है।

## Highlights

1. Vinesh Phogat shares pic of wrestlers sleeping on Delhi footpath amid protest
2. 2 masked men shoot bullets at door of Delhi house, video surfaces
3. Why was Khalistani leader Amritpal taken to Assam's Dibrugarh jail after arrest?
4. Strong 7.2-magnitude earthquake hits New Zealand islands
5. KCR's dream of becoming PM will not be fulfilled: Amit Shah
6. Why do you hate T'gana people: Owaisi on Shah's reservation claim
7. 254 4G mobile towers installed in Arunachal Pradesh, PM lauds move
8. SP's mayor candidate joins BJP hrs after candidature announcement

# Cash-strapped Bed Bath & Beyond files for bankruptcy, plans to shut stores

NEW DEIHI, (Agency). Bed Bath & Beyond Inc. filed for Chapter 11 bankruptcy in New Jersey with plans to shut down, putting thousands of jobs on the line.

The US housewares retailer will use the court process to begin liquidating its 360 Bed Bath & Beyond stores and 120 Buy Buy Baby shops, while also searching for a buyer for some or all of its assets, according to a statement. The company may "pivot away" from the store closings if there's a successful sale.

Bed Bath & Beyond estimated it had assets of $4.4 billion and total debt of $5.2 billion as of late November, according to a court filing. The number of creditors is between 25,001 and 50,000, with BNY Mellon having the biggest unsecured claim of $1.18 billion. Bed Bath & Beyond's chief financial officer, Holly




Etlin, will serve as chief restructuring officer to manage the bankruptcy.

The Union, New Jersey-based company's crisis spiraled this year, starting in January when it said there was "substantial doubt" about its ability to keep operating and that it was weighing options to restructure its debts. Later that month, it received a default notice from JPMorgan Chase & Co. after breaching terms on a credit line.

The retailer received a last-minute lifeline from the hedge fund Hudson Bay Capital Management — a deal that would have given Bed Bath & Beyond more than $1 billion under certain conditions. But the company failed to meet stock-price minimums, and the deal was terminated. Bed Bath & Beyond then said it would sell more shares in an effort to stave off a filing.

A unit of Sixth Street Partners is providing the company with a $240 million loan to help it fund itself in bankruptcy.

# 'Elon Musk's greatest contribution isn't Tesla or SpaceX, but':Anand Mahindra

NEW DEIHI, (Agency). Anand Mahindra on Friday, while reacting to a video of SpaceX's Starship exploding during its first test flight, lauded Elon Musk for his risk-taking ability. Praising the SpaceX owner for not being demotivated by 'failures', he said that considering each experiment as a lesson will ultimately increase learnings and progress. He also added that Musk's greatest contribution won't be electric carmaker Tesla or the rocket company.

The Mahindra group chairman wrote, "The most important contribution to business by Elon Musk will not be Tesla, or SpaceX but his powerful attitude to risk. Most would be terminally daunted by such a 'failure.' But when you set up each initiative as a learning experiment (and of





course, have raised the resources to do so) you essentially extend the frontiers of knowledge and progress. Salute!"

Netizens echoed in unison with many appreciating Musk for his vision. One user commented, "I believe that Elon's approach to risk-taking & his relentless pursuit of progress will continue to shape the business world for years to come. Musk's willingness to take risks & push boundaries of what is possible has been a key factor in the success of his various ventures."

On Thursday, the world's biggest rocket, successfully blasted off before exploding mid-air four minutes later. The explosion occurred due to the spacecraft not separating from thefirst-stage rocket booster the minutes into the flight.

## New delhi

# दिल्ली में तेज हवा के साथ बूंदाबांदी के आसार, 40 डिग्री वाले सितम से कब तक मिलेगी राहत

**नई दिल्ली, (एजेंसी) पिछले कई दिनों से दिल्ली में झुलसा रही गर्मी से कुछ राहत मिली है। सोमवार के दिन भी दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों में तेज हवा के साथ बूंदाबांदी होने की संभावना है। इसके चलते अधिकतम तापमान 32 डिग्री और न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस तक रहने के आसार हैं।**



दिनभर बादल छाए रहने और तेज हवा के साथ हुई बूंदाबांदी से रविवार को लोगों को गर्मी से राहत मिली है। दिल्ली की मानक वेधशाला सफदरजंग में दिन का अधिकतम तापमान सामान्य से छह डिग्री कम रिकॉर्ड किया गया है। मौसम विभाग का अनुमान है कि इस सप्ताह मौसमी गतिविधियों के चलते अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे ही रहने का अनुमान है।

दिल्ली के ज्यादातर हिस्सों में रविवार की सुबह से ही हल्के बादल छाए रहे। जबकि, हवा की रफ्तार 12 से लेकर 24 किलोमीटर प्रति घंटे तक की रही। दिन चढ़ने के साथ ही हल्की धूप निकल आई। लेकिन, बादलों की आवाजाही लगातार बनी रही। इसके चलते तेज और तीखी धूप नहीं निकली।

## Jharkhand

### मंगलसूत्र के लिए चलती ट्रेन से कूद गई महिला, भाग रहे उचक्के को पकड़ा

**मधुपुर (देवघर), (एजेंसी)** रेल यात्रा कर रही महिला मंगलसूत्र लेकर भाग रहे उचक्के का पीछा करते हुए ट्रेन से कूद गई और यात्रियों की मदद से उचक्के को दबोच लिया। उचक्के को आरपीएफ के हवाले कर दिया गया। बताया जाता है कि पश्चिम बंगाल के वर्णपुर हीरापुर थाना क्षेत्र के शांति नगर निवासी महिला रेल यात्री सुमन बर्मन मधुपुर अपनी बहन के घर आई हुई थी। रविवार सुबह 03562 बैद्यनाथधाम-आसनसोल मेमू सवारी गाड़ी से आसनसोल वापस घर जा रही थी । काशीटांड़ स्टेशन से ट्रेन खुलने के बाद एक उचक्का महिला यात्री का लेडीज पर्स छीन कर ट्रेन से कूद गया। इसके बाद महिला चीखने-चिल्लाने लगी और उचक्के के पीछे-पीछे चलती ट्रेन से काशीटांड़ स्टेशन पर कूद पड़ी। हो हल्ला सुन वहां मौजूद लोगों ने उचक्के को पकड़ लिया । उसके पास से बरामद पर्स की जांच की, लेकिन पर्स खाली मिला। महिला ने बताया कि पर्स में नगद 65 सौ रुपये और मंगलसूत्र था । इसकी जानकारी जामताड़ा आरपीएफ को दी । सूचना पर एएसआइ जयंत राय, हेड कांस्टेबल मोहम्मद असलम और आरक्षी सूरज यादव पहुंचे । उचक्के से पूछताछ की। पूछताछ के दौरान उचक्के ने बताया कि उसके साथ दो और साथी थे। जिन्हें वह नगद 6500 और एक मंगलसूत्र दे दिया।

## Uttarpradesh

### नशीला पेय पदार्थ पिलाकर अफसर ने विवाहिता से किया दुष्कर्म, आपत्तिजनक वीडियो भी बनाया

**प्रयागराज, (एजेंसी)** जार्जटाउन के अल्लापुर में एक विवाहिता से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोप बस्ती में तैनात ऑडिट अफसर गनेश प्रताप सिंह पर है। पीड़िता का कहना है कि धोखे से होटल में ले जाकर आरोपी ने बीयर पिलाकर उससे दरिंदगी की। इसके बाद अश्लील वीडियो भी बना लिया और मोबाइल छीनकर भाग निकला। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी है। पीड़िता हमीरपुर की रहने वाली है और उसका अपने पति से केस चल रहा है। उसका आरोप है कि आरोपी ने उसे फोन किया और 22 अप्रैल को अपनी रिसेप्शन पार्टी का न्योता देकर प्रयागराज बुलाया। केस के सिलसिले में वह 21 अप्रैल को ही आ गई। शाम पांच बजे के करीब आरोपी उसे सिविल लाइंस में मिला जहां से अल्लापुर स्थित एक होटल ले गया।इसके बाद पानी में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया, जिससे वह बेहोश हो गई। होश आने पर खुद को निर्वस्त्र पाया। विरोध पर आरोपी ने अश्लील वीडियो दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। फिर नशीला पदार्थ मिलाकर बीयर पिला दी और दुष्कर्म किया। इसके बाद मोबाइल छीनकर भाग गया। जार्जटाउन एसओ धीरेंद्र सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

## Haryana

# राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा की कार को ट्रक ने मारी टक्कर, बाल-बाल बचे

**बिलासपुर, (एजेंसी)** राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा की कार को ट्रक ने टक्कर मार दी. इस हादसे में सांसद बाल-बाल बच गए. ये हादसा कुंडली मानेसर पलवल हाइवे पर बिलासपुर पुलिस थाना क्षेत्र में हुआ. इस घटना के बाद कार्तिकेय शर्मा को मेदांता अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी तबीयत ठीक बताई जा रही है. पुलिस ने बताया कि राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा रविवार को हुए हादसे में बाल-बाल बच गए, जब उनकी गाड़ी बिलासपुर थाना क्षेत्र के कुंडली मानेसर पलवल हाइवे पर ट्रक से टकरा गई. अधिकारी



के मुताबिक, सांसद को मेदांता अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर्स ने कहा कि उनकी हालत ठीक है. यह घटना रविवार को हुई, जब कार्तिकेय शर्मा हरियाणा में चरखी-दादरी जिले के दूधीवाला किशनपुरा गांव में भगवान परशुराम की जयंती कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वापस गुरुग्राम लौट रहे थे. बिलासपुर थाने के एसएचओ इंस्पेक्टर राहुल देव ने कहा कि घटना की सूचना मिलने पर पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची. उन्होंने कहा कि हमने क्षतिग्रस्त कार को कब्जे में ले लिया है और आगे की जांच जारी है. इससे पहले केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू की कार जम्मू-कश्मीर में हादसे का शिकार हो गई थी. ये हादसा बीते आठ अप्रैल को हुआ था, जब किरेन रिजिजू की कार को ट्रक ने टक्कर मार दी.

## खेल

# चेन्नई सुपर किंग्स ने लगाई जीत की हैट्रिक, कोलकाता नाइट राइडर्स को 49 रन से हराकर प्वाइंट्स टेबल में बने नंबर वन

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** चेन्नई सुपर किंग्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को आईपीएल 2023 के 33वें मुकाबले में 49 रन से हरा दिया है। चेन्नई ने इसी के साथ जीत की हैट्रिक लगा ली है। वहीं इस जीत के साथ एमएस धोनी की अगुवाई वाली चेन्नई सुपर किंग्स अंकतालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है, जबकि कोलकाता नाइट राइडर्स की ये लगातार चौथी हार है। चेन्नई सुपर किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए डेवोन कॉनवे, अजिंक्य रहाणे और शिवम दुबे के अर्धशतकीय पारी की बदौलत 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 235 रन बनाए, जोकि जारी सीजन का हाईएस्ट स्कोर बन गया है। इसके जवाब में कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम ने शुरुआती झटकों के बावजूद 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 186 रन बनाने में कामयाब रही।



236 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने शुरुआती दो ओवर में ही 2 विकेट गंवा दिए थे। सुनील नरेन बिना खाता खोले आउट हुए, जबकि एन जगदीशन ने एक रन बनाया। वेंकटेश अय्यर 20 गेंद में 20 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद नीतीश राणा ने कुछ बड़े शॉट खेले। लेकिन वह भी 20 गेंद में 27 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद जेसन रॉय ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 19 गेंद में अर्धशतक जड़ दिया। लेकिन वह 26 गेंद में 61 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। आंद्रे रसल 9 रन ही बना सके। डेविड वीजा एक और उमेश 4 रन बनाकर आउट हुए। चेन्नई सुपर किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए डेवोन कॉनवे, अजिंक्य रहाणे और शिवम दुबे के अर्धशतकों की बदौलत 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 235 रन बनाए। चेन्नई के लिए अजिंक्य रहाणे ने सर्वाधिक रन बनाए। पहले बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स को डेवोन कॉनवे और ऋतुराज गायकवाड़ ने शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 73 रन की साझेदारी हुई। ऋतुराज 35 रन बनाकर आउट हो गए। लेकिन कॉनवे अपने मनपसंदीदा शॉट लगाते रहे और 34 गेंद में जारी सीजन की लगातार चौथी फिफ्टी पूरी की। वह 40 गेंद में 56 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। पारी में उन्होंने 4 चौके और तीन छक्के लगाए। इसके बाद रहाणे और शिवम ने धमाकेदार बल्लेबाजी की और तीसरे विकेट के लिए सिर्फ 32 गेंद में 85 रन जोड़े। शिवम 21 गेंद में 50 रन बनाकर आउट हुए। पारी में उन्होंने दो चौके और पांच छक्के लगाए।

## सिनेमा

### 'भोलेनाथ विवाद' पर बादशाह ने मांगी माफी, हर जगह से बदले जाएंगे 'सनक' के लिरिक्स



बादशाह के गाने 'सनक' पर विवाद बढ़ता देखकर रैपर ने सोशल मीडिया पोस्ट करके इस पूरे मामले पर माफी मांग ली है। रैपर ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट की है जिसमें उन्होंने लिखा है कि वह कभी अनजाने में भी किसी की भावनाएं आहत करने के बारे में नहीं सोच सकते हैं, लेकिन फिर भी क्योंकि उनके गाने से कुछ लोगों के सेंटीमेंट हर्ट हुए हैं तो ऐसे में वह अपने गाने के उन लिरिक्स को बदलने जा रहे हैं जिन पर कुछ लोगों ने आपत्ति जताई है। बादशाह ने अपनी पोस्ट में लिखा, 'मेरी जानकारी में आया है कि मेरी हालिया रिलीज में से एक 'सनक' ने कुछ लोगों की भावनाएं आहत की हैं। मैं कभी भी जानबूझकर या अनजाने में किसी को ठेस नहीं पहुंचाऊंगा। मैं अपनी आर्टिस्टिक क्रिएशन्स और म्यूजिकल कंपोजिशन्स को बहुत ईमानदारी और उत्साह के साथ आप तक पहुंचाता हूं मेरे फैंस। हालिया घटना के बाद मैंने इस बारे में ठोस कदम उठाते हुए अपने गाने के कुछ हिस्सों को बदला है और सभी डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर नए वर्जन के साथ पुराने वर्जन को बदल दिया है ताकि कोई और इससे आगे आहत ना हो।' बादशाह ने अपनी पोस्ट में लिखा, 'रिप्लेसमेंट प्रोसेस में थोड़ा वक्त लगेगा जिसके बाद नया वर्जन सभी डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर दिखने लगेगा। मैं सभी से विनम्र निदेवन करता हूं कि तब तक थोड़ा धैर्य रखें। मैं उन सभी लोगों के दिल से माफी मांगता हूं जिन्हें मैंने अनजाने में ठेस पहुंचाई है। मेरे फैंस मेरे लिए मेरा सबसे बड़ा सपोर्ट बनकर रहे हैं और इसीलिए मैं हमेशा उन्हें सबसे ज्यादा तवज्जो देता हूं और उनसे बेहिसाब प्यार करता हूं। आप सभी को मेरा ढेर सारा प्यार, बादशाह।'

# ट्रैफिक एएसआई ने पकड़ा मोबाइल चोर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **चोइथराम चौराहे के पास गुरुद्वारे के लंगर चखने आए युवक का मोबाइल चुराकर बदमाश ने दौड़ लगा दी। शोर मचा तो ड्यूटी पर तैनात ट्रैफिक एएसआई ने दौड़ लगाकर बदमाश को दबोच लिया। उसे स्थानीय पुलिस के सुपुर्द किया गया है।**

पुलिस के अनुसार हरेंद्र पिता सुरेंद्र सिंह दंडोतिया निवासी स्टार चौराहा लंगर में भोजन प्रसाद ले रहा था। इस दौरान उसने मोबाइल बगल में स्थित पेट्रोल पंप पर चार्जिंग में लगा दिया था। साथ में खाना खा रहे आरोपी अनिल पिता राकेश यादव निवासी आजादनगर धीरे से उठा और फरियादी का मोबाइल चार्जिंग से निकाल कर भागने लगा। फरियादी की नजर पड़ी तो उसने शोर मचाते हुए आरोपी का पीछा शुरू किया। चोइथराम चौराहे पर यातायात प्रबंधन का कार्य कर रही एसीपी अरविंद तिवारी की टीम के एएसआई प्रकाश कांग्ले, आरक्षक मानवेंद्र और आरक्षक सतीश ने चोर का पीछा अनिल को पकड़ लिया। आरोपी को अग्रिम कार्यवाही के लिए थाना राजेंद्र नगर के सुपुर्द कर दिया। फरियादी ने सुरक्षित मोबाइल मिलने पर ट्रैफिक पुलिस को धन्यवाद कहा।

### जेबकट भी ट्रेफिक पुलिस के हाथ आया

रविवार को मूसाखेड़ी चौराहा पर सामान खरीदने आये नरसिंह और भारत मूल निवासी ग्राम रोडदा जिला धार सामान खरीदकर चोइथराम क्षेत्र में जाने के लिए सिटी बस में बैठे थे। उसी समय आरोपी सागर पिता सुनीलकांत प्रजापति निवासी द्वारकापुरी और अन्य साथी द्वारा नरसिह का पर्स जेब से निकाला और भागने लगे। नरसिंह और साथी ने शोर मचाया तो मूसाखेड़ी चौराहे पर यातायात प्रबंधन का कार्य देख रहे सूबेदार काजिम हुसैन रिज़वी, आरक्षक ब्रजेश वर्मा, आरक्षक दीपक मुजाल्दे ने सागर पिता सुनीलकांत प्रजापति को पकड़ लिया, जबकि उसके अन्य साथी भाग गए। टीम ने एक आरोपी को आज़ादनगर थाने सुपुर्द किया है।

# महिला की हत्या के लिए चढ़ा दिया ट्रैक्टर, हालत गंभीर

## बुजुर्ग सास-ससुर के साथ भी की मारपीट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **दिवार बनाने की को लेकर हुए विवाद में एक महिला पर आरोपियों ने ट्रेक्टर चढ़ाकर उसकी हत्या का प्रयास करते हुए ट्रेक्टर उस पर चढ़ा दया। ट्रैक्टर पहिए पैर पर चढने के कारण महिला बुरी तरह घायल हो गई। वहीं इस झगड़े में महिला के बुजुर्ग सास-ससुर केसा थ भी बुरी तरह मारपीट की गई। मामले में पुलिस ने आरोपियों पर केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू दी है।**

घटना मानपुर थाना क्षेत्र की है। पुलिस के अनुसार 65 वर्षीय मुन्नीबाई की रिपोर्ट पर मालीपुरा में रहने वाले सागर और सुनील पर केस दर्ज किया है। विवाद में मुन्नीबाई के अलावा 72 वर्षीय गिरधारी मारपीट में और अल्का ट्रेक्टर चढने से बुरी तरह घायल हो गई। मुन्नीबाई ने पुलिस को बताया कि अल्का का भतीजा सागर जाट व जेट सुनील जाट मालीपुरा स्थित घर के गोडाऊन पर आये व दिवाल बनाने कि बात को लेकर गालियां देते हुए विवाद करने लगे। इस दौरान सुनील जाट ने उसके लड़के सागर को कहा की अल्काबाई पर ट्रेक्टर चढ़ाकर इसे जान से मार दें तो सागर ने ट्रेक्टर को तेजी से चलाकर जान से मारने की नियत से अल्का पर ट्रेक्टर चड़ाया अल्का नीचे गिर गयी ट्रेक्टर का बड़ा पहिया अल्का के दाहिने पैर पर चड़ गया व टक्कर लगने दूसरे पैर में भी चोट लगी ।

इस दौरान अल्का की सास मुन्नीबाई व ससुर गिरधारी जाट बीच बचाव करने आये तो मुन्नीबाई को सागर ने बेस बाल के डण्डे से मारपीट किया व गिरधारी को सुनील ने थापड़ मुक्कों से मारपीट की। इस दौरान शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग आए तो आरोपी धमकाते हुए भाग निकले। मामले में पुलिस ने दोनों पर हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है।

## पूर्व मंत्री के बेटे के साथ मारपीट करने वाले दो बदमाशों को जेल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। पूर्व मंत्री रंजना बघेल के बेटे के साथ मारपीट करने वाले दो बदमाशों को जेल भेज दिया गया। घटना 21 अप्रैल को प्रेस्टीज कॉलेज के नजदीक की है। यहां गाड़ी की पार्किंग को लेकर विवाद हुआ था। यहां शोभित सोनी तथा उसके दो अन्य साथी वैभव यादव व राघव पिता संजय मोहन वाणी ने यशवर्धन सिंह से विवाद किया। यशवर्धन को क्रिकेट के बैट से पीटा और गाड़ी में तोडफ़ोड़ कर दी। पुलिस ने शिकायत के बाद आरोपी शोभित सोनी और राघव को गिरफ्तार कर एसीपी कोर्ट में पेश किया गया। यहां जमानत खारिज होने से जिला जेल भेज दिया गया। तीसरा आरोपी वैभव यादव घटना के बाद से ही फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

## बंटवारे की बात को लेकर पिता पर हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। संपत्ति के बंटवारे को लेकर पिता का अपने बेटों से विवाद हो गया और नौबत मारपीट तक जा पहुंची। इस दौरान एक बेटे ने पिता के साथ मारपीट करते हुए तलवार से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गए। बेटमा पुलिस के अनुसार घटना थाना क्षेत्र के घाटा बिल्लौद इलाके में पुलिया के पास की है। मामले में भेरूलाल पिता गिरधारी भीलवाड़ा की शिकायत पर दिनेश और प्रहलाद पर केस दर्ज किया है। दोनों भैरूलाल के बेटे हैं। पुलिस को घायल ने बताया कि आरोपी लडको ने अपने घर व संपत्ति के बंटवारे की बात को लेकर गालियां देकर मारपीट की व आरोपी दिनेश ने एक तलवार मारी जो हाथ मे लगी व जान से मारने की धौंस दी।

# चार दिन बाद भी आरोपी पुलिस की गिरफ्त में नहीं

## ● मामला कवरेज करने गए पत्रकार पर डंडे और चाकू से हमला

**इंदौर**। पिछले दिनों दो वर्ग विशेष के बीच हुए विवाद को कवरेज करने गए पत्रकार पर हुए हमले के 2 आरोपी अभी तक पुलिस की गिरफ्त से दूर है। मामला जूनी इंदौर थाने का है। गोरतलब है कि 20 अप्रैल की रात को सपना संगीता के सामने बजरंगियों ने एक लव जिहाद का मामला पकड़ा था। उसको कवरेज करने के लिए पत्रकार राजकुमार शर्मा देवा पहुंचे थे। पत्रकार को बजरंगियों का साथी समझ कर वकार और उसके साथियों टिल्लू और बब्बी ने डंडे और चाकू से पत्रकार पर हमला कर दिया।जिससे शर्मा का सिर फट गया और 12 टांके आए। घायल पत्रकार की शिकायत पर जूनी इंदौर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने एक आरोपी वकार को पकड़ लिया,लेकिन टिल्लू कुशवाह उर्फ हर्ष और धनंजय वर्मा उर्फ बब्बी अभी तक फरार है।

## सिरफिरों ने जाल दी दो गाड़ियों

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। किशनगंज थाना क्षेत्र में आने वाले गायकवाड में अज्ञात बदमाश ने घर के बाहर खड़े दो टू व्हीलर में आग लगा दी। घटना के वक्त परिवार के सदस्य घर में ही सो रहे थे। आग की लपटे उठती देख परिवार के लोग घर से बाहर भाग निकले। मामला वार्ड नंबर 13 गायकवाड का है। दिलीप पिता उमर और विशाल पिता नानूराम की दो पहिया वाहन में अज्ञात व्यक्ति ने आग लगा दी। दिलीप के घर पर एक बड़ा हादसा होते-होते रह गया। यहां मुख्य द्वार पर खड़ी उनकी स्कूटी में आग लगा दी। इस दौरान आग किराने की दुकान में भी लगने वाली थी, लेकिन पानी डालकर आग पर काबू पा लिया। स्कूटी के साथ-साथ दिलीप के घर पर खड़ा ठेला और 40 से 50 टमाटर के कैरेट भी जलकर खाक हो गए। मामले की जानकारी लगते ही किशनगंज पुलिस भी मौके पर पहुंची और आरोपी को ढूंढने का प्रयास कर रही है।

## वारदात के पहले ही धराया चाकूबाज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। अपराध को अंजाम देने के लिए हथियार लेकर घूम रहे युवक को पुलिस ने चेकिंग के दौरान पकड़ लिया। मल्हार मेगा माल के सामने चल रही पुलिस चेकिंग के दौरान दो संदिग्ध युवक पुलिस को देख भागने लगा, जिसे घेराबंदी कर जवानों ने पकड़ा और उनकी तलाशी ली तो उसके पास एक धारदार चाकू जो दोनों तरफ से खुलता है वह बरामद हुआ। विजय नगर पुलिस ने बताया कि पकड़ाए आरोपी का नाम अश्विन पिता राजेंद्र पंचोली निवासी जूनी इंदौर है। उसके खिलाफ आम्र्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया।

## अवैध शराब बरामद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। आबकारी की टीम ने बाइक से देशी शराब की डिलेवरी देने जा रहे युवक को गिर तार किया है। आरोपी बोरी में भरकर शराब ले जा रहा था। उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। आबकारी की टीम लगातार शराब तस्करों के खिलाफ अभियान चलाकर उनकी धरपकड़ कर रही है। इसी कड़ी में आबकारी की टीम को सूचना मिली कि एक व्यक्ति बाइक से देशी शराब की डिलेवरी देने जा रहा है। इस पर टीम ने लसूडिय़ा क्षेत्र में बाइक को रोका और बोरी की तलाशी ली तो उसमें बड़ी मात्रा में देशी शराब के क्वार्टर मिले। इस पर आबकारी ने उसे जब्त कर आरोपी कृपाशंकर यादव निवासी लसूडिया को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी के पास से जब्त शराब की कीमत करीब 57 हजार रूपए बताई जा रही है।

## पत्नी और बेटे को पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। शराब पीकर घर पहुंचे नशेड़ी ने अपनी पत्नी से विवाद किया और मारपीट करने लगा। इस दौरान बेटा बीच बचाव करने लगा तो उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया। राऊ पुलिस के अनुसार कालीबाई निवासी झूलेलाल नगर की शिकायत पर पति अशोक सेन पर केस दर्ज किया है। महिला ने पुलिस को बताया कि मेरा पति अशोक कल शराब पिकर आया और गुस्से में मुझसे बोलने लगा तु और तेरा लडका घर से बाहर निकलो यह मेरा घर है । और गालियां देने लगा, मैंने गाली देने से मना किया तो मुझे सिर मे ईट की मारी जो बाये तरफ सिर में व मुँह पर लगी । मेरा लडका संदीप बीच बचाव करने लगा तो उसे लकडी की सिर मे मारी खुन निकलने लगा। यह देख वह धमकाते हुए भाग निकला।

sponcership




Detective Group Report
SUBSCRIBE

दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैंनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT

समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
◆ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ◆*संपादक - पुष्पेंद्र पुष्प, ◆ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ◆ समूह PRO - एल.एन. उग्र ◆ फोन : 0731-2433676, मो.नं. 91111-56060 Website : www.dgr.co.in *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।